Seventeenth Loksabha

>

Title: Demand for more local/ MEMU trains in Kalyan-Diva-vasai sub-urban railway line.

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र से संबंधित रेलवे के एक महत्वपूर्ण विषय की ओर इस सदन का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ ।

मैं यहाँ पर दिवा-वसाई रेल लाइन के बारे में कुछ बातें रखना चाहता हूँ । मेरे लोक सभा चुनाव क्षेत्र में अपर कोपर स्टेशन है । अपर कोपर स्टेशन से दिन भर में केवल चार मेमू रेलगाड़ियाँ चलती हैं । इसके आसपास के इलाकों में दिन-ब-दिन आबादी बढ़ रही है, डेवलपमेंट हो रहे हैं, जिसके कारण यात्रियों की संख्या बढ़ती जा रही है । लगभग 30 हजार यात्री रोज अपर कोपर स्टेशन से ट्रैवल करते हैं । कल्याण- दिवा-वसाई रेल लाइन पर सिर्फ चार रेलगाड़ियाँ चलती हैं । पहली, सुबह पौने छः बजे चलती है, उसके बाद दूसरी, सीधे दस बजे चलती है । लास्ट की ट्रेन रात को आठ बजे वहाँ से चलती है । अगर लोगों को दफ्तर जाना है या काम पर जाना है, तो लोगों को वहाँ नौ बजे पहुँचना पड़ता है । लेकिन पहली गाड़ी सुबह पौने छः बजे होने के कारण लोग वहाँ दो घंटे पहले पहुँचते हैं ।

मैं यह दरख्वास्त करता हूँ कि ज्यादा-से-ज्यादा मेमू गाड़ियाँ इस स्टेशन से चलाई जाएँ । मैंने पहले भी इस सदन में यह विषय रखा है कि इस सब-अर्बन सेक्शन पर लोकल ट्रेन शुरू करने की बात मार्च में ही हुई थी, लेकिन अब तक उस पर कोई काम नहीं हुआ है । इसलिए जल्द-से-जल्द इस सब-अर्बन सेक्शन पर लोकल ट्रेन सर्विस और मेमू ट्रेन की सर्विस बढ़ाई जाए ।

माननीय अध्यक्ष: आप सभी ने ही फैसला किया है कि इसे एक मिनट में खत्म करना है ।